दैनिक

आर.एन.आई.नं.- MPHIN /2012/64802

E-Mail-parihargarjana@gmail.com

# परिहार गर्जना

संस्थापक- स्व.वीर सिंह परिहार चौका

संपादक - रामबाबू सिंह परिहार मो. 9755204916

वर्ष 13 | अंक 137 | छतरपुर, शुक्रवार 13 दिसम्बर 2024 | मूल्य 1.00 रूपये | पृष्ठ 16

## मरीजों की सुविधा और चिकित्सकीय सेवाओं की सहजता को दें सर्वोच्च प्राथमिकता- उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

### -1350 बिस्तर का होगा एमवाय हॉस्पिटल इंदौर

### -स्वास्थ्य अधोसंरचना विस्तार कार्यों की समीक्षा की

परिहार गर्जना न्यूज। भोपाल, 12 दिसंबर। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि सरकार मध्यप्रदेश को स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं का बड़ा नेटवर्क तैयार करने के सतत कार्य किये जा रहे हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय, भोपाल में एमवाय हॉस्पिटल, इंदौर के विस्तार, उन्नयन और नवीनीकरण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक समग्र और प्रभावी बनाने के लिये भविष्योनुमुखी रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा की और आवश्यक निर्देश दिये।



उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने निर्देश दिए कि कार्यों में तेजी लाते हुए मरीजों की सुविधा और चिकित्सकीय सेवाओं की सहजता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने इंदौर में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए 1350 बिस्तरों वाले अत्याधुनिक हॉस्पिटल के प्रस्ताव को शीघ्र तैयार करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही नर्सिंग हॉस्टल और कैंसर हॉस्पिटल के प्रस्ताव को अंतिम रूप प्रदान कर अग्रेषित करने के लिये निर्देशित किया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि इन उन्नयन कार्यों से इंदौर क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और उपलब्धता को नए आयाम मिलेंगे।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने सतना में प्रस्तावित 650 बिस्तरों वाले मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल और उससे जुड़ी एप्रोच रोड के निर्माण कार्यों की प्रगति पर चर्चा की। उन्होंने रीवा मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में चल रहे उन्नयन कार्यों की स्थिति की समीक्षा की और निर्देश दिये। प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री संदीप यादव, आयुक्त स्वास्थ्य श्री तरुण राठी, एमडी बीडीसी डॉ. पंकज जैन सहित स्वास्थ्य विभाग, पीआईयू और मध्यप्रदेश भवन निर्माण निगम के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## प्रियदर्शन गोस्वामी ने उत्तीर्ण की सिविल जज परीक्षा

### शहर में खुशी की लहर, बधाई देने वालों का लगा तांता

छतरपुर। शहर के रहने वाले गोस्वामी परिवार में उस समय खुशियों की लहर दौड़ गई, जब छत्तीसगढ़ के सिविल जज का परीक्षा परिणाम आया। दरअसल छतरपुर के रहने वाले प्रियदर्शन गोस्वामी ने छत्तीसगढ़ की सिविल जज परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है।



प्रियदर्शन ने परीक्षा में चौथी रैंक हासिल की है और उनकी इस उपलिब्ध पर उनके घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

छतरपुर में बीज की दुकान चलाने वाले रामदत्त गोस्वामी के पुत्र प्रियदर्शन गोस्वामी ने परिणाम आने के बाद गुरूवार को जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बागेश्वर धाम पहुंचकर पूजा-अर्चना की और धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री से आशीर्वाद लिया। प्रियदर्शन की सफलता पर पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने भी खुशी जाहिर की। वहीं दूसरी ओर जब प्रियदर्शन के सिविल जज बनने की खबर शहर में फैली तो उनके दोस्तों, शुभचिंतकों और रिश्तेदारों ने आतिशबाजी करते हुए मिठाई बांटकर खुशियां मनाई। किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष बॉबी राजा गठेवरा भी उनके घर ढोल-नगाड़े लेकर पहुंचे और माला पहनाकर बधाई दी। परीक्षा की तैयारी के बारे में बात करते हुए प्रियदर्शन गोस्वामी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया। प्रियदर्शन ने कहा कि असफलता से डरकर प्रयास बंद नहीं करना चाहिए। उनका भी सिविल जज बनने का सपना पहले प्रयास में पूरा नहीं हुआ था लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और दूसरी बार प्रयास किया, जिसमें उन्हें सफलता मिली है। प्रियदर्शन का कहना है सिविल जज बनने के पीछे की मंशा गरीब तबके के लोगों को न्याय दिलाना है।

## कट्टा सहित आदतन अपराधी गिरफ्तार

बड़ामलहरा। थाना पुलिस ने एक आदतन अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र वर्मा ने बताया कि बीती रात रोड पेट्रोलिंग के दौरान बमनी रोड के ढाबा के पास आदतन अपराधी दिनेश पुत्र बिहारी लाल चतुर्वेदी निवासी बड़ामलहरा के होने की सूचना मिली थी। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जिसे देखकर आरोपी भागने लगा लेकिन पुलिस की मुस्तैदी के चलते उसे घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी दिनेश के पास से 315 बोर का देशी कट्टा और कारतूस भी जप्त किया गया है। उसके विरुद्ध छेड़छाड़, अवैध हथियार, मारपीट जैसे 7 अपराध पहले से दर्ज हैं। दिनेश को गिरफ्तार कर आयुध अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।



## बगौता पटवारी को जान से मारने की धमकी, दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

छतरपुर। जिला मुख्यालय के बगौता हल्का पटवारी द्वारा जब एक जमीनी प्रकरण में अपना प्रतिवेदन दिया गया तो मामले के एक पक्ष के लोगों ने नाराज होकर न सिर्फ उसे जान से मारने की धमकी दी बल्कि 20 लाख रुपए की सुपारी देने की भी बात कही। पटवारी की शिकायत पर सिविल लाइन थाना में दो लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है।

पीड़ित पटवारी अभिषेक पुत्र रामसेवक गोस्वामी उम्र 42 वर्ष निवासी चौबे कॉलोनी छतरपुर ने बताया कि शहर के सागर रोड पर स्थित दीक्षित परिवार की करोड़ों की जमीन के रिकॉर्ड सुधार का मामला तहसील में लंबित है, जिसकी जांच करने के बाद पिछले दिनों उन्होंने अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत किया था। उनके प्रतिवेदन से जमीन से संबंध रखने वाला एक पक्ष सहमत नहीं था, जिसके चलते अब उक्त पक्ष के लोग उसे धमकी दे रहे हैं। अभिषेक गोस्वामी ने बताया कि गत 10 दिसंबर को वह मंडी में ड्यूटी करने के बाद दोपहर करीब ढाई बजे जब अपने घर पर बने निजी कार्यालय में बैठे थे तभी आकाश पुत्र सुनील शरण दीक्षित और कल्लू उर्फ संतोष पुत्र नारायणदास शुक्ला दोनों निवासी छतरपुर, उसके घर पहुंचे और जान से मारने की धमकी दी गई।



पीड़ित पटवारी



आरोपी आकाश



आरोपी संतोष

पटवारी अभिषेक गोस्वामी के मुताबिक आरोपियों ने उसके नाम की 20 लाख रुपए की सुपारी अज्ञात गुंडों को दी है, जिस कारण से वह दहशत में है। पटवारी का कहना है कि धमकी देने वालों के संबंध कई अपराधियों से हैं, जिनके साथ उनकी तस्वीरें भी हैं। भयभीत पटवारी ने पुलिस अधिकारियों से सुरक्षा की मांग की है। पटवारी की शिकायत पर सिविल लाइन थाना में आकाश दीक्षित और संतोष शुक्ला के विरुद्ध धारा 132, 296, 324(4), 351 (2), 304 (2) 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

*इनका कहना*

पटवारी द्वारा सिविल लाइन थाना में आवेदन देकर दो युवकों द्वारा जान से मारने की धमकी दिए जाने और 20 लाख रुपए की सुपारी दिए जाने की शिकायत की गई है। पटवारी की शिकायत पर दो आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। धमकी देने वालों के आपराधिक संबंधों की जांच करते हुए लगातार उनकी तलाश जारी है, जल्द ही दोनों को गिरफ्तार किया जाएगा।

*अमन मिश्रा, सीएसपी, छतरपुर*

# फ्लाई ओवर ब्रिज पर मौत को आमंत्रण देते गड्ढे प्रशासन ने आंखों पर बंद रखी है पट्टी

## झांसी गेट फ्लाईओवर ब्रिज पर जगह-जगह गड्ढे फुटपाथ पर दुकाने लगने से हो सकती है गंभीर दुर्घटना, पुलिस प्रशासन मौन



**राजेश बबेले**

परिहार गर्जना न्यूज। बीना (सागर) फ्लाई ओवर ब्रिज पर मौत को आमंत्रण देते गड्ढे प्रशासन ने आंखों पर बंद रखी है पट्टी झांसी गेट फ्लाईओवर ब्रिज पर जगह-जगह गड्ढे फुटपाथ पर दुकाने लगने से हो सकती है गंभीर दुर्घटना, पुलिस प्रशासन मौन। उल्लेखनीय है कि झांसी गेट फ्लाईओवर ब्रिज शुरू से ही चर्चा में रहा एक तो जगह-जगह से उखड़ी सड़कें मौत को आमंत्रित देते गड्ढे हैं।



उस पर आम पब्लिक द्वारा फ्लाईओवर ब्रिज पर स्टैंड बना रखा है,जो आता है कभी ट्रैक्टर खड़े कर देते हैं तो कभी मोटरसाइकिल और कारें ऐसी परिस्थितियों में बड़े वाहन आने पर फ्लाईओवर ब्रिज पर जाम की स्थिति लगातार बनी रहती है इससे बढ़कर,अब तो फुटपाथ पर दुकानें लगा शुरू हो गई जिससे जिससे यातायात में और भी ज्यादा स्थिति गंभीर हो गई लगातार जाम की स्थिति बनी रहती है आवागमन में काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है। पुलिस प्रशासन इस और गंभीर नजर नहीं आती है केवल चौराहा ऊपर यातायात पुलिस खड़े होकर आम व्यक्ति की रसीदें काटने में मशगूल रहते हैं जबकि उनकी जिम्मेदारी यह बनती है कि असुविधा से आम नागरिकों को निजात दिलाए, किंतु इस ओर उनका ध्यान बिल्कुल नहीं रहता जबकि दुर्घटनाओं के शिकार काफी लोग होते हैं इसके चलते कभी भी झांसी फाटक फ्लाईओवर ब्रिज पर गंभीर दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता।

नानक वार्ड पार्षद बी डी रजक द्वारा आम जनता के सहयोग से धरना प्रदर्शन भी कर चुके किंतु प्रशासन मुक दर्शक बनकर देखती रहती है क्या प्रशासन दुर्घटनाओं के इंतजार में रहती है कि जब कोई घटना घटेगी तभी इस और ध्यान दिया जाएगा क्या उनका दायित्व यह नहीं बनता की दुर्घटनाओं से पहले ही उसमें सुधार किया जा सके।

# प्राचार्य की हत्या को लेकर जिले के प्रत्येक स्कूल में पुलिस बतला रही है नियम कानून बच्चों में दे रही संस्कार

परिहार गर्जना न्यूज। बड़ामलहरा। अनुविभाग बड़ा मलहरा के थाना बाजना केटीआई राजेश सिंह सिकरवार बाजना हायर सेकेंडरी स्कूल पहुंचकर बच्चों को कानूनी एवं सुरक्षा के नियम बतला रहे हैं जानकारी देते हुए बाजना के नीरज चौबे ने बतलाया कि यहां पर हायर सेकेंडरी स्कूल में 1000 से भी अधिक बच्चों को समझाते हुए टी आई राजेश सिकरवार ने कहा कि बच्चे निडर निर्भीक एवं ससंस्कारित रहे कानूनी ज्ञान के साथ व्यवहारिक ज्ञान भी सीखें यदि स्कूल परिसर में बाहरी व्यक्ति या स्वयं कोई छात्र-छात्राएं असामाजिक तत्व किसी भी प्रकार का हथियार लेकर आता है तो वह गैरकानूनी है जिसकी सूचना पुलिस को देवे पुलिस में यह सूचना गोपनीय रहेगी बच्चों को आपस में मिलजुल कररहना चाहिए अपने गुरुजनों का सम्मान करना चाहिए किसी भी अपराध से दूर रहना चाहिए शराब पीना अवैध हथियार रखना गुंडागर्दी करना एवं धमकी देना अपराध है इसलिए किसी भी बच्चे को या उसके मां-बाप को जानकारी मिलती है तुरंत पुलिस विभाग को सूचित करें पुलिस के नंबर इस प्रकार से हैं पुलिस कंट्रोल रूम का नंबर एवं व्हाट्सएप नंबर एक पुलिस लाइन 1098 दो साइबर हेल्पलाइन 1930 तीन । बीट प्रभारी 13 00 चार थाना प्रभारी का नंबर जरूर अपने पास रखें पुलिस हमेशा आपकी मदद के लिए तैयार खड़ी है।



# गौरिहार पुलिस ने हत्या के प्रयास के चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

## आरोपी के खिलाफ हत्या गैरइरादतन हत्या मारपीट अवैध हथियार जैसी कर मामले पूर्व से थे दर्ज

**प्रकाश मिश्रा /चंद्रभान प्रजापति**

गौरिहार। छतरपुर जिले के तेजतर्राहट व ईमानदार छवि जे युवा पुलिस अधीक्षक अगम जैन द्वारा गत करीब एक सप्ताह से जिले भर में अपराधिक तत्वों के खिलाई चलाई जा रही मुहिम का असर सभी थाना क्षेत्रों में दिखाई देने लगा है गौरतलब है कि बीते एक-डेढ़ महीने से हत्या, हत्या के प्रयास,चोरी,राहजनी व सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित वारदातों से जहाँ आमजन अपने आपको असुरक्षित महसूस करने लगा था, वहीं जिले भर में पुलिस की कार्य प्रणाली को लेकर भांति भांति कि चर्चाओं का बाजार गर्म था छतरपुर पुलिस की छवि को धूमिल होने से बचाने के लिए युवा एसपी श्री जैन ने समय रहते अपराधियों के विरुद्ध जिले भर के थानों में जो मुहिम चलाई है, वो वास्तव में काबिले तारीफ है और कारगर भी होती दिखाई दे रही है।

पुलिस अधीक्षक अगम जैन के दिशा -निर्देशन व लवकुशनगर एसडीओपी नवीन दुबे के मार्गदर्शन में गौरिहार थाना प्रभारी निरीक्षक उदयवीर सिंह तोमर अपने अधीनस्थ अमले को साथ में लेकर थाना क्षेत्र के अपराधियों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्यवाही करने में जुटे हुए हैं, जिनमे उन्हें निरंतर सफलता भी मिल रही है।

वर्ष 2024 के अगस्त माह में




गौरिहार थाना के ग्राम कब्र में फरियादी पीड़ित मुन्ना पाल के साथ मारपीट कर आरोपियों द्वारा गंभीर चोटे पहुंचाई गई थीं। एकत्रित साक्ष्य,पीड़ित के कथन एवं मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर थाना गौरिहार में नामजद् आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की हत्या का प्रयास सहित समुचित धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया था। उक्त वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गए थे,जिनकी तलाश हर संभावित स्थानों में की जा रही थी। थाना गौरिहार पुलिस फरार 4 आरोपी रामजी दुबे पिता कृपाराम दुबे,मोनू उर्फ रवि प्रकाश दुबे पिता संतोष दुबे,बच्चू उर्फ रामानुज दुबे पिता संतोष दुबे व हिमांशु ऊर्फ भोलू दुबे पिता राम जी दुबे सभी निवासी ग्राम गहबरा को बीते रोज गिरफ्तार किया। गौरिहार थाना प्रभारी निरीक्षक उदयवीर सिंह तोमर ने बताया कि आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त एक 12 बोर की दो नली बंदूक, दो 12 बोर के जिंदा कारतूस, बांस की दो लाठी और लोहे का एक फरसा जप्त किया गया है। श्री तोमर ने बताया कि इनमें से राम जी दुबे आदतन अपराधी है,इसके विरुद्ध हत्या,गैर इरादतन हत्या,मारपीट और अवैध हथियार रखने जैसे चार गंभीर अपराध पूर्व से दर्ज हैं जिसमें आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी गौरिहार निरीक्षक उदयवीर सिंह तोमर, उप निरीक्षक राजकुमार सिंह, पहरा चौकी प्रभारी सहायक उप निरीक्षक प्रमिला यादव, सहायक उप निरीक्षक जीवनलाल प्रजापति, प्रधान आरक्षक द्वय राजन सिंह व बाबूलाल वर्मा, आरक्षक महेंद्र सचान,अमित शर्मा,शिवम सिंह,विकास सिंह व दीपक सिंह की अहम भूमिका रही।

# प्रस्तावित परिसीमन को निरस्त करने और जिला बनाये जाने के लिए दिया ज्ञापन

## प्रस्तावित परिसीमन को पांच दिवस में निरस्त न करने की स्थिति में होगा विशाल आंदोलन

**विनोद कुमार जैन**

परिहार गर्जना न्यूज। बकस्वाहा- विकासखंड के तमाम जनप्रतिनिधियों, ग्राम पंचायतों के निर्वाचित प्रतिनिधियों और सामाजिक-सांस्कृतिक एवं धार्मिक संगठनों के सदस्यों ने सेकड़ो की संख्या में आज तहसील कार्यालय के सामने एकत्र हुए और प्रशासन द्वारा प्रस्तावित जिले के परिसीमन पर आपत्ति जताते हुए मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में बकस्वाहा क्षेत्र के पटवारी हल्कों को तीन जिलों—छतरपुर, सागर और दमोह—में विभाजित करने के प्रस्ताव को जनहित के खिलाफ और अनुचित बताया गया।



***आपत्ति पत्र में उठाए गए प्रमुख बिंदु***

ज्ञापन में बताया गया कि 14 अक्टूबर 2024 को तहसीलदार बकस्वाहा द्वारा कलेक्टर महोदय को भेजे गए प्रस्ताव के अनुसार बकस्वाहा तहसील के पटवारी हल्कों को तीन जिलों में बांटने का सुझाव दिया गया है। इस प्रस्ताव को लेकर क्षेत्रीय लोगों में गहरा असंतोष और आक्रोश है, क्योंकि इससे बकस्वाहा क्षेत्र की एकता और विकास प्रभावित होगा।

***जनविरोधी प्रस्ताव का विरोध***

ज्ञापन में यह भी कहा गया कि यह प्रस्ताव पूरी तरह से जनविरोधी और विकास विरोधी है, जो स्थानीय लोगों की सहमति के बिना तैयार किया गया है। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक और सांस्कृतिक संगठनों के सदस्य इस प्रस्ताव का विरोध करते हैं और इसके खिलाफ आवाज उठाते हैं।

***इतिहास और सांस्कृतिक महत्व***

बकस्वाहा क्षेत्र को लेकर ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि यह क्षेत्र स्वतंत्रता से पूर्व पन्ना रियासत का महत्वपूर्ण हिस्सा था और यहां का ऐतिहासिक महत्व अत्यधिक है। लंबे समय से प्रशासनिक दृष्टिकोण से कमजोर इस क्षेत्र को यदि फिर से बांटा जाता है, तो इसका विकास और पीछे चला जाएगा।

***बकस्वाहा को जिला बनाने की मांग***

ज्ञापन में बकस्वाहा को एक स्वतंत्र जिला बनाने की भी मांग की गई है। बकस्वाहा को जिला बनाने से न केवल क्षेत्र का विकास होगा, बल्कि यहां के लोगों को रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसी सुविधाएं भी बेहतर तरीके से मिल सकेंगी। इसके चारों ओर स्थित तहसीलों और ग्राम पंचायतों को भी इस जिले में शामिल करने की अपील की गई है।

***आंदोलन की चेतावनी***

इस ज्ञापन में यह भी चेतावनी दी गई है कि यदि प्रशासन इस प्रस्ताव पर पांच दिवस में कार्रवाई नहीं करता है, तो क्षेत्रवासी आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर हो सकते हैं। चक्का जाम और अन्य संघर्षों के माध्यम से अपनी आवाज उठाई जाएगी। इसके लिए प्रशासन और संबंधित विभाग जिम्मेदार होंगे।

***कृपया कार्रवाई की जाए***

अंत में क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से यह निवेदन किया कि इस प्रस्ताव को तुरंत निरस्त किया जाए और बकस्वाहा क्षेत्र के सभी पटवारी हल्कों को एक साथ रखा जाए। साथ ही, बकस्वाहा को जिला मुख्यालय बनाने की दिशा में शीघ्र कदम उठाए जाएं।

***ज्ञापन की प्रति***

ज्ञापन की प्रति मुख्यमंत्री महोदय, राज्यपाल महोदय, परिसीमन आयोग ,कलेक्टर महोदय और तहसीलदार महोदय को भेजी गई है, और प्रशासन से पांच दिनों के भीतर कार्रवाई करने की मांग की गई है। बकस्वाहा ब्लॉक से आने वाले नागरिकों तथा जनप्रतिनिधियों ने एकजुट होकर यह ज्ञापन सौंपा और बकस्वाहा क्षेत्र के विकास और सामाजिक कल्याण के लिए अपनी आवाज उठाई।

# डोहेला खुरई महोत्सव की व्यापक तैयारियां शुरू, पूर्व गृहमंत्री, विधायक भूपेन्द्र सिंह ने बैठक ली



परिहार गर्जना न्यूज। खुरई। यहां के एतिहासिक किला डोहेला में मकर संक्रांति पर आयोजित होने वाले खुरई महोत्सव की व्यापक तैयारियों को लेकर पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने सभी प्रशासनिक और विभागीय अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों के साथ संयुक्त बैठक ली है। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री श्री सिंह ने कहा कि 14 से 16 जनवरी तक आयोजित होने वाले तीन दिवसीय खुरई डोहेला महोत्सव में देश के सुप्रसिद्ध सेलिब्रिटीज के सांस्कृतिक कार्यक्रम और आर्थिक गतिविधियां में प्रतिदिन लाखों की संख्या में लोग आएंगे अत: इसकी तैयारियां भी व्यापक और फुलफ्रूफ होना चाहिए।

नगरपालिका सभाकक्ष में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री श्री भूपेंद्र सिंह ने कहा कि खुरई किले के प्रांगण में तालाब के बीच 600 साल पुराना मंदिर है। इसमें भगवान शिव जी, श्री राधाकृष्ण जी, भगवान श्री रामेश्वर जी विराजमान हैं। प्राचीन समय से इस सिद्ध क्षेत्र की मान्यता है। किले और डोहेला मंदिर का बड़े ही परिश्रम और बड़ी लागत के साथ संरक्षण और सौंदर्यीकरण किया गया है। यहां प्राचीन समय से चली आ रही मकरसंक्रांति के मेले को कुछ वर्षों से बड़े सांस्कृतिक और व्यापारिक मेले का रूप दिया गया है जो खुरई की विशिष्ट पहचान बन चुका है। प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार 14 जनवरी को वॉलीवुड की सुप्रसिद्ध गायिका मोनाली ठाकुर, 15 जनवरी को मोटीवेशनल स्पीकर और कवि कुमार विश्वास, 16 जनवरी को पार्श्व गायक सुखविंदर सिंह की भव्य प्रस्तुतियां होंगी।

पूर्व मंत्री श्री सिंह ने कहा कि चूंकि आ रहे सभी आर्टिस्ट बड़े सेलीब्रिटी हैं इसलिए पब्लिक गेदरिंग भी तीन चार जिलों से बड़ी संख्या में होगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी को भी खुरई महोत्सव में आमंत्रित किया जाएगा। लोग साल भर इस आयोजन की प्रतीक्षा करते हैं। पिछले वर्ष के आयोजन की लोकप्रियता का पैमाना यह था कि, ट्वीटर, गूगल सहित सोशल मीडिया पर पहले डोहेला खुरई महोत्सव ट्रेंड कर रहा था।

पूर्व मंत्री श्री सिंह ने कहा कि किला मैदान की क्षमता को देखते हुए बाहर बड़ी एलईडी की संख्या इस बार बढ़ाई जाएगी ताकि लोगों को सुविधा हो सके। उन्होंने कहा कि तीनों दिन किले के समीप मेला प्रांगण में हजारों दूकानदार अपनी व्यापारिक गतिविधियां करेंगे। सभी मध्यप्रदेश सरकार के सभी विभागों की कल्याणकारी व हितग्राहीमूलक योजनाओं व बड़ी परियोजनाओं की जानकारी तथा उत्पाद विक्रय के स्टाल, महिला स्व-सहायता समूहों के विक्रय स्टाल, जनसमस्या निवारण शिविर मेला प्रांगण में लगाए जाएंगे।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि पार्किंग, सुरक्षा व्यवस्था आदि की समीक्षा के लिए और बैठकें होंगी। आयोजक संस्था नगरपालिका खुरई है, एसडीएम खुरई इसके कोआर्डीनेटर हैं। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी विभागों के कार्यालयों, संस्थाओं में महोत्सव के दौरान लाइटिंग, साज-सज्जा रहे। नगर साफ सुथरा रहे। सभी अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि इस आयोजन को अपने पारिवारिक आयोजन की भांति भागीदारी करें। बैठक में सभी जनप्रतिनिधियों ने अपने सुझाव रखे। बैठक में नपा अध्यक्ष श्रीमती नन्हींबाई अहिरवार, उपाध्यक्ष राहुल चौधरी, तहसीलदार यशोवर्धन सिंह, सीएमओ राजेश मेहतेले, जनपद सीईओ श्रीमती मीना कश्यप, शहरी थाना प्रभारी शशि विश्वकर्मा, ग्रामीण थाना प्रभारी मोहन सिंह दांगी, रेंजर चंद्रभूषण सिंह, बीएमओ शेखर श्रीवास्तव सहित सभी पार्षद तथा सभी नायब तहसीलदार सहित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 3 सागर में वार्षिक खेल दिवस एवं पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन



परिहार गर्जना न्यूज। सागर। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 3 सागर में वार्षिक खेल दिवस एवं पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय रहे। मुख्य अतिथि श्री उपाध्याय ने मशाल प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वार्षिक खेल दिवस के अवसर पर रस्साकशी, रिले रेस, 100मीटर रेस, एरोबिक्स आदि खेलों का आयोजन किया गया, साथ ही साथ विद्यालय में पूरे वर्ष चलने वाली फुटबॉल, क्रिकेट, कबड्डी, खो-खो, 100 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़ आदि अनेक खेल प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक,रजत पदक एवं कांस्य पदक प्रदान कर कर प्रोत्साहित किया गया। गौरतलब है कि विद्यालय में विद्यार्थियों के व्यक्तित्व के संपूर्ण विकास हेतु अध्ययन के साथ-साथ खेलों का आयोजन भी किया जाता है।विद्यालय में खेलों के व्यवस्थित संचालन हेतु खेल शिक्षक ताइक्कांडो प्रशिक्षक एवं योग निर्देशक नियुक्त किए गए हैं।

विद्यालय के प्राचार्य श्री धर्मेंद्र भारद्वाज ने बताया है कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है अतएव खेल हमारे जीवन के लिए अत्यावश्यक हैं।

समस्त खेल प्रतियोगिताओं के परिणाम के आधार पर अशोक सदन ने प्रथम स्थान रमन सदन ने द्वितीय स्थान एवं शिवाजी सदन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

खेल दिवस के साथ ही विद्यालय में पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय की लगभग 100 पूर्व छात्रों ने सहभागिता की तथा अपने जीवन निर्माण में विद्यालय की भूमिका की भूरि भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती कोमिला मिरानी, धन्यवाद ज्ञापन श्री संतोष नेमा एवं संयोजन खेल शिक्षिका नेहा यादव ने किया । कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक श्री कृष्णकांत ,श्री दीपक शर्मा, श्रीमती रीना रानी, श्रीमती रश्मि मिश्रा, श्रीमती मंजूषा पायक , श्री अभय सेन, श्रीमती भारती मिश्रा ,श्री राम सहाय दांगी श्री बृजेश पौराणिक , श्री कमलेश कुमार जैन श्री सीमांत परदेसी आदि उपस्थित रहे।

# परिवहन एवं पुलिस की संयुक्त टीम बसों की लगातार चेकिंग करें - एडीजे संजीव शमी



परिहार गर्जना न्यूज। सागर। शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय के साथ कार्य करें, थाना एवं चौकियो के परिसीमन का कार्य शीघ्रता से करें, परिवहन एवं पुलिस की संयुक्त टीम बसों की लगातार चेकिंग करें। उक्त निर्देश एडीजे एवं सागर जिले के पुलिस विभाग के प्रभारी श्री संजीव शमी ने दिए।

एडीजे एवं सागर जिले के पुलिस विभाग के प्रभारी संजीव शमी ने कहा कि संभाग में पूर्ण रूप से शांति एवं कानून व्यवस्था बनी रहे इसके लिए लगातार समीक्षा करें व समय-समय पर जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय से कार्य करें। उन्होंने कहा कि जिन थाना एवं चौकियों का परिसीमन होना है उनका कार्य तत्काल पूर्ण करें जिससे कि थाना या चौकियों को बढ़ाया या घटाया जा सके। उन्होंने कहा कि शासन के द्वारा पुलिस विभाग में भर्ती की प्रक्रिया जारी है और 7500 पुलिस की भर्ती और होगी जिससे कि जहां पुलिसकर्मियों की कमी है वहां पूरी होगी।

संजीव शमी ने कहा कि जिन जिलों में सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हैं उनमें तत्काल लगाए जाएं जिससे आई टी एम एस (इंटेलीजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम )सिस्टम के माध्यम से ट्रैफिक एवं अपराध रोकने में सहायता मिलेगी। श्री शमी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार खुले में मांस बिक्री, शराब बिक्री पर तत्काल रोक लगाएं। उन्होंने कहा कि शासन के द्वारा शीघ्र ही पुलिसकर्मियों के लिए आवास तैयार करने के लिए योजना तैयार की जा रही है जिससे कि सभी पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों को आवास मिल सकेंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी एवं पुलिस विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों की संयुक्त टीम वाहनों की चेकिंग करें और मापदंड पूरे न करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें।

# भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत जिला स्तरीय समूह लोक नृत्य प्रतियोगिता



परिहार गर्जना न्यूज। सागर। पंडित दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय सागर में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत जिला स्तरीय समूह लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य डा सरोज गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि लोक नृत्य भारतीय संस्कृति के ऐसे नृत्य हैं जिनकी प्रस्तुति से पर्व व उत्सव जीवंत हो जाते है।

जिला नोडल अधिकारी डा अमर कुमार जैन ने बताया कि जिला स्तरीय समूह लोक नृत्य प्रतियोगिता में जिले के शासकीय महाविद्यालय देवरी के द्वारा बधाई, शासकीय महाविद्यालय खिमलासा के द्वारा राजस्थानी लोक नृत्य, शासकीय महाविद्यालय बंडा के द्वारा बुंदेली लोकनृत्य शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय तथा शासकीय कन्या महाविद्यालय सागर के द्वारा बरेदी नृत्य, शासकीय महाविद्यालय मकरोनिया के द्वारा महाभारत के टाइटल गीत तथा शासकीय कन्या महाविद्यालय बीना के द्वारा राई नृत्य की प्रस्तुति की गई ।

कार्यक्रम प्रभारी डॉ संगीता मुखर्जी ने स्वागत भाषण एवं कार्यक्रम का संयोजन किया। कार्यक्रम में शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय सागर तथा शासकीय कन्या महाविद्यालय सागर के द्वारा जब बरेदी नृत्य की प्रस्तुति की गई तो सारा सभागार तालियों की गूंज से गुंजायमान हो गया। समूह नृत्य के इस कार्यक्रम में मंगल यादव तथा निधि चौरसिया निर्णायक के रूप में रहे। निर्णायकों के द्वारा शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय सागर को प्रथम ,कन्या महाविद्यालय सागर को द्वितीय तथा शासकीय महाविद्यालय देवरी को तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम का संचालन एवं आभाररेणु सोलंकी ने किया । कार्यक्रम में डॉगोपा जैन डॉ रंजना मिश्रा डा इमराना सिद्दीकी डॉ शुचिता अग्रवाल, डा दीपक जॉनसन, डा संदीप सबलोक सहित विद्यार्थी उपस्थित थे।

# संदिग्ध अवस्था में हुई युवक की मौत, कुंआ में तैरता मिला शव, फैली सनसनी

## पुरानी टेहरी निवासी युवक करण सिंह का निकला शव, जांच में जुटी पुलिस

**सौरभ खरे**



परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। सुबह से रोज की तरह मुहल्ला पुरानी टेहरी में सब कुछ सामान्य चल रहा था। अचानक यहां नृसिंह बब्बा चबूतरे के पास बने कुंआ में एक शव पड़े होने की खबर आग की तरह फैल गई। शव पड़े होने की खबर फैलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। युवक की मौत की सूचना मिलते ही नगर निरीक्षक पंकज शर्मा सहित पुलिस कर्मचारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने युवक का शव निकलवा कर उसे पोस्ट मार्डम के लिए भेजा। इस घटना को लेकर अटकलों का बाजार गर्म बना हुआ है। सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी में कहा जा रहा है कि कुआं में मिले मृतक युवक का नाम करण सिंह उम्र लगभग 33 साल है। बताया गया है कि शहर के वार्ड नंबर 1 पुरानी टेहरी निवासी करण सिंह का शव संदिग्ध अवस्था में मुहल्ले के ही कुएं में आज गुरुवार सुबह पड़ा हुआ मिला। मोहल्ले के लोगों ने कुआं में शव पड़े होने की सूचना कोतवाली थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही नगर निरीक्षक पंकज शर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने मृतक युवक के शव को कुएं से बाहर निकलवाया। उन्होंने मौके का मुआयना किया और नक् शा पंचनामा आदि तैयार कर शव को पोस्ट मार्डम के लिए जिला अस्पताल भेजा। युवक की शिनाख्त के दौरान पता चला कि मृतक का नाम करण सिंह पुत्र खुमान सिंह निवासी पुरानी टेहरी वार्ड नंबर एक है। कोतवाली थाना प्रभारी पंकज शर्मा ने बताया कि आज गुरूवार की सुबह करीब 10 बजे पुरानी टेहरी मोहल्ले में एक कुएं में युवक का शव पड़े होने की सूचना मिली थी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंच कर स्थानीय लोगों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकलवाया गया। मोहल्ले वालों से उसकी पहचान कराई जा रही है। शव काफी खराब हो गया है। घटना स्थल की जांच के लिए एफएसएल अधिकारी प्रदीप यादव मौके पर पहुंचे। उन्होंने बारीकी से मृतक के शव और आसपास के एरिया का निरीक्षण किया। पंचनामा की कार्रवाई के बाद शव पोस्ट मार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। कोतवाली थाना प्रभारी ने बताया कि मर्ग कायम कर घटना की जांच शुरू कर दी गई है। पीएम रिपोर्ट से मौत के कारणों का खुलासा होगा। युवक की मौत को लेकर कई प्रकार की अटकलें लगाई जा रही हैं। युवक की संदिग्ध मौत की गुत्थी सुलझाना पुलिस के लिए चुनौतिपूर्ण जरूर माना जा रहा है।

## चंदेरा पुलिस को मिली कामयाबी-

# दविश के चलते उड़ी अपराधियों की नींद, बलात्कार का आरोपी दबोचा




परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। क्षेत्र में जुआ, सट्टा और अन्य अपराधों पर अंकुश लगाने में पुलिस को लगातार कामयाबी मिल रही है। पुलिस की बढ़ती दविश के चलते आरोपियों में दहशत बनी हुई है। थाना प्रभारी नीतू खटीक के नेतृत्व में लगातार मुहिम चलाकर आरोपियों की धरपकड़ की जा रही है। बीते दिनों थाना क्षेत्रान्तर्गत हुई बलात्कार की वारदात के फरार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बीते रोज पुलिस ने वीरपुरा निवासी आरोपी पुष्पेन्द्र को भी दबोच लिया है। बताया गया है कि थाना चंदेरा पुलिस द्वारा बलात्कार करने वाले फ रार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जिले के पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम ससत्या, एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के मार्ग दर्शन में थाना चंदेरा मे पंजीवद्ध अपराध 200/24 धारा 137(2), 87, 64, 70(1), 127(2), 127(3), 64 (2) (एम) बीएनएस, 3/4ए 5/6 पोक्सो एक्ट के आरोपी की तलाश हेतु थाना प्रभारी चंदेरा नीतू खटीक के द्वारा पुलिस टीम बनाकर दविस दी गई। इस दविश के दौरान पुलिस टीम के द्वारा बलात्कार करने वाले आरोपी पुष्पेन्द्र यादव पिता परसराम यादव उम्र 32 साल निवासी वीरपुरा को कड़ी मेहनत से मड़ोरी तिगैला के पास आज 12 दिसम्बर 24 को गिरफ्तार कर न्यायलय पेश किया गया। उक्त कार्रवाई के दौरान थाना चंदेरा प्रभारी नीतू खटीक, उनि दयाराम चक्रवर्ती, सहायक उप निरीक्षक कर्ण सिंह यादव, प्रधान आरक्षक रामचन्द्र नायक, महिला आरक्षक अंकिता शर्मा, आरक्षक रुचि जाटव, योगेन्द्र दांगी, वेद प्रकाश शर्मा, काशीराम कुशवाहा, भारतेन्द्र, आरक्षक चालक अरविंद, मोहित, गणेश, वीरन यादव, बृजेश, दिनेश, अरुण सेंगर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। थाना प्रभारी नीतू खटीक ने बताया कि एक ओर थाना अंतर्गत पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जहां अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया जा रहा है। इसके साथ ही इन दिनों अवैध परिवहन करने वालों पर शिकंजा कसा जा रहा है। अब तक अनेक दबंगों को गिरफ्तार कर क्षेत्र की शांति व्यवस्था बनाए रखने में कामयाबी हासिल की गई है।

## स्कूली बच्चों की मौजूदगी ने बचाई अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव की लाज-

# प्रचार प्रसार के अभाव में फ्लाप रही प्रदर्शनी, धन का हुआ दुरूपयोग

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। प्रचार प्रसार के अभाव में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव फ्लाप शो साबित हुआ। स्कूली बच्चों की मौजूदगी ने किसी तरह कार्यक्रम की लाज बचाई। शासन और संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम से जनता की दूरी के कारण आयोजन का उद्देश्य पूरा नहीं हो सका। इतना ही नहीं प्रदर्शनी का लाभ भी लेने से लोग वंचित रहे।



मौजूद बच्चों ने भी प्रदर्शनी के बोर्ड में लिखे गीता उपदेश नहीं पढ़ पाए। इसका कारण बोर्ड को अधिक ऊपर लगा होना और अक्षर काफी छोटे होना बताया गया है। बताया गया है कि आयोजन के दौरान अधिकांश कुर्सियां खाली पड़ी रहीं। यह आयोजन ऐसे लगा जैसे स्कूली बच्चों एवं चंद अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए ही किया गया हो। बताया गया है कि बीते रोज स्थानीय नजरबाग प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अमित नुना, विवेक चतुर्वेदी, अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर अवधेश शर्मा के मुख्य आतिथ्य में दीप प्रज्ज्वलित कर तथा भगवान श्री कृष्ण जी की मूर्ति का पूजन तथा माल्याणर्पण किया गया।

***<u>जीवन जीने की कला सिखाती है गीता-अमित नुना</u>***

कार्यक्रम में अमित नुना ने अपने संबोधन में श्रीमद् भागवत गीता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जीवन की कठिनाइयों में श्रीमद् भागवत गीता व्यक्ति का मार्ग प्रशस्त करती है, आपको राह दिखाती है। गीता बताती है कि जीवन कैसे जिया जाए, कैसे मोक्ष प्राप्त हो। कलेक्टर श्री शर्मा द्वारा गीता उपदेश के संबंध में जानकारी देते हुये, भगवान श्री कृष्ण के गीता ज्ञान के प्रमुख बिन्दुओं पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान राज्य स्तरीय कार्यक्रम से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उद्बोधन का सीधा प्रसारण देखा सुना गया। साथ ही कार्यक्रम में श्रीमद् भागवत गीता पर आधारित एक चित्र प्रदर्शनी भी आयोजित की गई। कार्यक्रम में पधारे संतों तथा इस्कॉन मंदिर सदस्यों द्वारा अतिथियों के साथ जिले की प्रगति तथा जिलेवासियों की सुख-समृद्धि के लिये हवन भी किया गया।

***<u>निर्धारित समय पर नहीं हो सका आयोजन-</u>***

नजरबाग मैदान पर आयोजित हुए महोत्सव के फ्लाप होने का एक कारण निर्धारित समय पर न होना भी बताया गया है। दोपहर दो बजे यहां कुर्सियां आदि लगाई जाती रहीं। मंच पर सन्नाटा पसरा रहा। लोगों ने कहा कि सरकारी धन का सही उपयोग नहीं हो सका। कार्यक्रम बेहतर होने के बाद भी जनता से दूर रहा। यदि पोस्टर बैनर लगाकर प्रचार किया गया होता, तो निश्चित ही यह एक बेहतर आयोजन साबित होता। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, एसडीएम टीकमगढ़ संजय कुमार दुबे सहित संबंधित अधिकारी, गणमान्यजन, इस्कॉन मंदिर सदस्य तथा छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।

# टीकमगढ़ की बिटिया विजेता दुबे ने सुप्रीम कोर्ट में दिखाया वकालात का जलवा

## सुप्रीम कोर्ट में पहली बार लड़ा केस पहली बार में की जीत हासिल

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। जिला टीकमगढ़ के लिए यह बड़े ही गौरव की बात है कि टीकमगढ़ जिले की युवा प्रतिभाएं देश-दुनिया में अलग-अलग क्षेत्रों में अपना नाम रोशन कर रहीं हैं। यहां का बेटा हो या बिटिया, भारत देश के जिस कोने में जाते हैं, अपनी जीत का परचम लहराते हैं। ऐसी ही टीकमगढ़ की बिटिया विजेता दुबे ने सुप्रीम कोर्ट में अपने क्लाइंट का कैसे लड़ा और पहली बार में ही जीत हासिल की। विजेता दुबे टीकमगढ़ की समाजसेवी श्रीमती सुशीला दुवे की पुत्री है, जो टीकमगढ़ में वरिष्ठ समाजसेवी और राजनीति में हमेशा आगे रहती है। उन्हीं की प्रेरणा से आज विजेता दुबे ने सुप्रीम कोर्ट में अपना परचम लहराया है। विजेता दुबे ने अपनी अपनी वकालत की पढ़ाई डॉक्टर हरि सिंह गौर विश्वविद्यालय सागर से पास की है और आज टीकमगढ़ में भी अपनी वकालत को वरकरार रखे है, विजेता दुबे गरीब और दुखी लोगों के केस भी अपनी सेवा भावना से निशुल्क लड़ती है, केस के तथ्य इस प्रकार हैं। वर्ष 2005 में प्रार्थी ने जिला न्यायालय के फैसले से व्यथित होकर प्रार्थी ने हाई कोर्ट में सेकंड अपील फाइल किया था। परंतु अपने वकील के व्यवहार से व्यथित होकर प्रार्थी ने अपने पूर्व वकील से नो ऑब्जेक्शन वकालतनामा में ले लिया और दूसरे वकील को अप्वॉइंट कर दिया। परंतु जब 2017 में अपील फाइनल सुनवाई हेतु आयी तब पुराने एडवोकेट ने कोर्ट में खड़े होकर प्रार्थी के सेकंड अपील



को विदड्रॉ कर लिया। जिससे प्रार्थी ने सारी जमीन खो दी, जो लगभग 20 एकड़ बिजरावन गांव तहसील जतारा मे थी। तत्पश्चात प्रार्थी ने हाई कोर्ट में रिव्यू पिटीशन और सिविल मिसलेनियस केस डाला, परंतु वह दोनों केस भी हाईकोर्ट ने डिसमिस कर दिए। जिससे व्यथित होकर प्रार्थी ने अधिवक्ता विजेता दुबे को सुप्रीम कोर्ट में अपनी पैरवी के लिए भेजा, जहां उन्होंने स्पेशल लीव पिटिशन अपने भाई श्री आदित्य दुबेए अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट, के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की। प्रार्थी की ओर से विद्वान अधिवक्ता आदित्य दुबे एवं विजेता दुबे जो टीकमगढ़ के रहने वाले हैं ने सुप्रीम कोर्ट की खंडपीठ न्यायमूर्ति विक्रम नाथ एवं न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी वार्ले के समक्ष पुरजोर बहस की तथा उनकी दमदार बहस से सुप्रीम कोर्ट ने प्रार्थी के पक्ष में फैसला दिया तथा हाई कोर्ट के तीनों फैसलों को निरस्त करते हुए सेकंड अपील को पुनर्जीवित किया। न्याय दृष्टांत सर्वोच्च न्यायालय प्रेम नारायण विरुद्ध परमानंद ब्राह्मण सिविल अपील नंबर 14115 .17/ 2024 बताया गया है। यह मामला खंडपीठ न्यायमूर्ति विक्रम नाथ एवं न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी वार्ले की कोर्ट में सुना जा रहा था।

# बीस साल मे भाजपा की सरकार नें प्रदेश को बर्बाद कर दिया है:-पूर्व विधायक आलोक चतुर्वेदी

## भोपाल में सोलह दिसम्बर को कांग्रेस पार्टी विधानसभा का करेगी घेराव





**ऋषि मिश्रा**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/प्रदेश में आराजक्ता का माहोल कायम है, आम जनता परेशान है, महिलाओं के साथ बालात्कार की घटनाए हो रहीं है, महिलाओं, युवाओं का शोषण हो रहा है, दलित आदिवासीयों पर अत्याचार हो रहा है, कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है, अपराधी बेखोफ है, जनता कर्ज का बोझ और मंहगाई की मार सह रही है, सरकार द्वारा किये गये वादे भुला दिये गये है, किसान खाद, बीज को लेकर परेशान है, गांव गांव में अवैध शराब, गांजा की तस्करी हो रहीं है, उक्ताश्य के आरोप पूर्व विधायक आलोक चतुर्वेदी पज्जन भईया ने स्थानीय होटल मोहन राज विलास मे आयोजित पत्रकारवार्ता के दौरान व्यक्त किये। उन्होने कहा कि इन तमाम मुद्दो को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आगामी 16 दिसम्बर को प्रदेश व्यापारी विधानसभा घेराव किया जा रहा है तथा सड़क से लेकर सदन तक शंखनाद हो गया है, उक्त शंखनाद में पूरे प्रदेश से लगभग 50 हजार लोग घेराव मे शामिल होगें तथा प्रदेश की फोरजी मतलब चार बार की फर्जी भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों को उजागर करेगी तथा सरकार को नींद से जगाने के लिए यह घेराव किया जा रहा है। उन्होने आंगे कहा कि किसानो पर बार बार भाजापा सरकार द्वारा झूठ बोला गया है, गेंहू का समर्थन मूल्य 27 सौ रूपये तथा धान का समर्थन मूल्य 31 सौ रूपये तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा घोषित किया गया था, लेकिन उक्त घोषणा को लागू नहीं किया गया। जिससे किसान संकट मे जूझ रहा है। वर्तमान समय में बोनी का समय है, किसानो को खाद नही मिल रहीं है, किसान आत्म हत्या कर रहें है। उन्हे आवाज उठाने पर पीटा जा रहा है। युवा, बेराजगार है, चुनाव के समय भाजपा सरकार द्वारा युवाओं को लाखो की संख्याओं मे नोकरी देने का वादा किया गया था, लेकिन युवाओं के लिए कोई रोजगार के साधन उपलब्ध नहीं कराये गये है। दलित आदिवासीयों का लागातार अत्याचार हो रहा है, मध्य प्रदेश अपराधियों की सरनायक स्थलीय बन गया है, प्रतिदिन दलित, आदिवासी, महिला, किसान, छोटी बच्चियों के साथ घटनाए हो रहीं है। जनता पर कर्ज का बोझ ओर मंहगाई की मार पड़ रहीं है तरह तरह के टैक्स जनता से वसूले जा रहे है। दाल, तेल, सब्जी, के दाम आसमान छू रहे है। किसानो की आये दो गुनी करने का वादा करने वाली यह सरकार किसानो के साथ अत्याचार कर रहीं है, भाजपाईयों का गोरख धंधा फल फूल रहा है, प्रदेश में शिक्षा माफिया, चिकित्सा माफिया, भू माफिया, रेत माफिया, खनिज माफिया, पेपर लीक माफिया का राज चल रहा है, खुले आम अपराधी, अपराध कर रहे है, लेकिन उक्त अपराधी, भाजपा का पट्टा डाल लेते है तो उनके खिलाफ पुलिस एवं प्रशासन कोई कार्यवाही नहीं करता है। भाजपा सरकार द्वारा तमाम बादे किये गये थे, तथा मोदी की गारन्टी के नाम पर घोषणा पत्र पर महिलाओं के तीन हजार रूपये किसानो का समर्थन मूल्य गेंहू, 27 सौ, धान 31 सौ, सिलेन्डर 450 रूपयें मे देने का वादा किया गया था, लेकिन उक्त सभी घोषणाए हवा हवाई साबित हुई, इस प्रकार से प्रदेश की सरकार द्वारा जनता के साथ लगातार वादा खिलाफी एवं अत्याचार किया जा रहा है, जिसकी कांग्रेस पार्टी जनता के साथ मिलकर लडाई लडेगी, इस दौरान अनेक लोग उपस्थित रहें, जिसमें मुख्य रूप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवजीत सिंह भईया राजा, पूर्व विधायक श्रीकांत दुबे, वरिष्ट कांग्रेस नेता अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेश तिवारी, अनुपमा खरे, राज बहादुर पटेल, शशिकांत दीक्षित, मीडिया प्रभारी राकेश शर्मा, विक्रम यादव, सरदार यादव, पुरषोत्तम जड़िया, अक्षय तिवारी, रेहान मोहम्मद, वैभव थापक आदि।

## ग्राम पंचायत दिया में वृक्षा रोपण के नाम पर लाखो का फर्जीवाड़ा

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/जिले की ग्राम पंचायतो में विभिन्न निर्माण कार्यो के नाम पर लगातार भ्रष्टाचार चल रहा है, जबकी जमीनी हकीकत कुछ और है, संबंधित स्थानो पर वृक्षा रोपण कराने के संबंध में मजदूरी मटेरियल के बिल बाउचर दर्शाकर कागजो में राशि निकाल ली जा रही है, तथा मनरेगा योजना को मन की योजना बना दिया गया है।



इसी प्रकार का मामला पन्ना जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम पंचायत दिया का सामने आया है, जहां पर सरपंच, सचिव, उपयंत्री द्वारा वृक्षा रोपण कराये जाने के नाम पर मजदूरी तथा मटेरियल के छह लाख से अधिक के बिल बाउचर लगाकर राशि आहरित कर ली गई है। जबकी स्थानीय लोगो का कहना है कि यहां पर किसी प्रकार का वृक्षा रोपण नहीं किया गया है, उसके बावजूद राशि निकालकर संबंधित सरपंच, सचिव, उपयंत्री, रोजगार सहायक द्वारा फर्जीवाड़ा किया गया है। ग्राम पंचायत दिया के पंचायत भवन के पास वृक्षा रोपण कराने के नाम पर डेढ लाख रूपये की राशि मटेरियल एवं चालीस हजार की राशि मजदूरी के नाम पर खर्च करना दर्शाया गया है। इसी प्रकार भुराने बाबा के पास वृक्षा रोपण के नाम पर भी डेढ लाख की राशि मटेरियल एवं पचास हजार की राशि मजदूरी में दर्शाई गई है, तथा रोड के किनारे कोठी टोला, में भी वृक्षा रोपण के नाम पर दो लाख से अधिक की राशि मटेरियल एवं पचास हजार रूपये की राशि मजदूरी के नाम पर खर्च की गई है, इस प्रकार ग्राम पंचायत दिया मे सात लाख की राशि फर्जी रूप से वृक्षा रोपण के नाम पर दर्शाई गई है। यह तो एक मात्र उदाहरण है, इसके अलावा, अन्य कार्यो में भी व्याप्क स्तर पर फर्जीवाड़ा ग्राम पंचायत दिया में किया गया है, जो निर्माण कार्य आधे अधुरे पड़े हुए है उन्हे पूर्ण दर्शाकर व्याप्क स्तर पर शासकीय राशि का दुरपयोग किया गया है तथा मनमाने ढंग से बिल बाउचर लगाकर राशि खर्च करना दर्शाया गया है। स्थानीय लोगो ने संबंधित मामले की जांच कराकर दोषीयों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग जिले के कलेक्टर तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत से की गई है।

## अल्प प्रवास पर पन्ना पंहुचे पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भईया, कांग्रेसियों से की मुलाकात





परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/मध्य प्रदेश के पूर्व मंत्री तथा नेता प्रतिपक्ष रहें अजय सिंह राहुल भईया अल्प प्रवार पर पन्ना पंहुचे तथा उन्होने कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं के आवास पंहुचकर कुशल छेम जानी तथा मेल मुलाकात की, सबसे पहले वह पूर्व ग्रहमंत्री स्वर्गीय कैप्टन जयपाल सिंह के निवास पर पंहुचे तथा उन्होने उन्हे शोक श्रद्धाजंलि अर्पित की, एवं उनेक पुत्र जगतपाल सिंह को ढाडस बंधाया, तत्पश्चात् राहुल भईया पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष पुष्पेन्द्र सिंह परमार के निवास पर पंहुचे तथा उनसे मुलाकात की, क्योकि विगत दो माह से श्री परमार अस्वस्थ चल रहे है, उनका भी मनोबल बढाया, तथा हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया है। इस दौरान अनेक लोग उपस्थित रहे, जिसमें जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवजीत सिंह, वरिष्ट कांग्रेस नेता राम किशोर मिश्र, मार्तदण्ड बुन्देला, मनीष मिश्रा, राकेश शर्मा, निरपेन्द्र सिंह, अक्षय तिवारी, हल्काई यादव, रेहान मोहम्मद, भूपेन्द्र सिंर परमार, शलभ मिश्रा सहित अनेक लोग उपस्थित रहें।

## पुलिस थानो द्वारा मनमाने समय से नहीं की जायेगी, वाहन चेकिंग

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/जिले के विभिन्न थानों में मनमाने ढंग से वाहनो की चेकिंग की जाती थी, जिसका कोई समय निर्धारित नहीं था, उक्त कार्यवाहीं से वाहन चालको को परेशानी का सामना करना पड़ता था, जिसको लेकर पुलिस अधीक्षक एस साई कृष्ण थोटा को लगातार शिकायते भी प्राप्त हो रहीं थी, मामले को गंभीरता से लेते हुए उन्होने वाहन चेकिंग करने के संबंध में समय निर्धारण करते हुए चेकिंग कार्यवाही करने के निर्देश दिये है। थाना मड़ला में सुबह 8 बजे से 10 बजे तक, थाना यातायात प्रात: 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक, हाईवे चौकी सकरिया 04 बजे से 06 बजे तक, थाना कोतवाली तथा चौकी सिविल लाईन 02 बजे से 04 बजे तक, थाना देवेन्द्र नगर शाम 06 बजे से 08 बजे तक, थाना अमानगंज सुबह 10 बजे से 12 बजे तक, थाना पवई दोपहर 02 बजे से 04 बजे तक थाना शाहनगर शाम 04 बजे से 06 बजे तक थाना सिमरिया दोपहर 12 बजे से 02 बजे तक समय निर्धारित किया गया है।

## भाजपा के संकल्प पत्र के विरोध में आम आदमी का विरोध प्रदर्शन आज

पन्ना/भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा चुनाव के समय आम जनता के लिए संकल्प पत्र विभिन्न घोषणाओं को लेकर जारी किया गया था, लेकिन एक वर्ष बीत जाने के बावजूद घोषणा पत्र के एक भी बिन्दु को लागू नहीं किया गया और न ही आम जनता को उसका लाभ दिलया गया। सिर्फ झूठी बयान बाजी की जा रहीं है, एवं आम जनता का शोषण किया जा रहा है, उक्त तमाम मुद्दो को लेकर आज 13 दिसम्बर को आम आदमी पार्टी पूरे प्रदेश मे धरना प्रदर्शन, आन्दोलन, ज्ञापन कर रहीं है, इसी कड़ी में पन्ना जिला आम आदमी पार्टी द्वारा भी स्थानीय गांधी चौक पर एकत्रित हो कर प्रदर्शन करते हुए कलेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री के नाम दोपहर एक बजे ज्ञापन सौपा जायेगा। जिला अध्यक्ष अंजली यादव ने सभी कार्यकर्ताओं तथा आम जनता से उक्त कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

# हितग्राही मूलक योजनाओं में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने कलेक्टर श्री कोचर ने नोडल अधिकारी किये नियुक्त

## मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान 11 दिसम्बर 24 से 26 जनवरी 2025 तक

**राजकुमार दुबे**

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह ~ 12 दिसम्बर। भारत सरकार और राज्य सरकार की चिन्हित हितग्राहीमूलक योजनाओं में शत-प्रतिशत सैचुरेशन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए 11 दिसम्बर से 26 जनवरी 2025 तक %मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान% के क्रियान्वयन हेतु आयोजित होने वाले ग्राम पंचायत/ वार्ड स्तरीय सर्वे / शिविर आयोजित करने हेतु कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने अधिकारियों को खण्ड स्तरीय / निकाय स्तरीय नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्त किया है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत दमोह पूनम दुबे को जनपद पंचायत दमोह के संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पटेरा भूर सिंह रावत को जनपद पंचायत पटेरा एवं हटा के संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बटियागढ़ अश्विनी कुमार को जनपद पंचायत बटियागढ़ के संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत तेंदूखेड़ा मनीष बागरी को जनपद पंचायत तेंदूखेड़ा एवं पथरिया के संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जबेरा आर.पी. पटेल को जनपद पंचायत जबेरा के संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र के लिये नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है।

इसी प्रकार मुख्य नगर पालिका अधिकारी दमोह प्रदीप शर्मा को नगर पालिका दमोह के संपूर्ण नगरीय क्षेत्र, मुख्य नगर पालिका अधिकारी हिण्डोरिया गजेन्द्र सिंह को नगर परिषद हिण्डोरिया के संपूर्ण नगरीय क्षेत्र, मुख्य नगर पालिका अधिकारी पटेरा सुन्दर लाल सोनी को नगर परिषद पटेरा के संपूर्ण नगरीय क्षेत्र, मुख्य नगर पालिका अधिकारी हटा राजेन्द्र सिंह को नगर पालिका हटा के संपूर्ण नगरीय क्षेत्र, मुख्य नगर पालिका अधिकारी पथरिया राजेश अवस्थी को नगर परिषद पथरिया के संपूर्ण नगरीय क्षेत्र एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी तेंदूखेड़ा प्रेमसिंह चौहान को नगर परिषद तेंदूखेड़ा के संपूर्ण नगरीय क्षेत्र के लिये नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है।

कलेक्टर श्री कोचर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के सुचारू क्रियान्वयन हेतु राज्य शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु जिले के समस्त ग्रामों/वार्डों में सर्वे एवं शिविरों के आयोजन निर्धारित समय सीमा में कराया जाना सुनिश्चित किया जाये एवं सर्वे तथा शिविरों की अद्यतन स्थिति से जिला स्तरीय नोडल अधिकारी (मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत अपर कलेक्टर) एवं अनुविभाग स्तरीय नोडल अधिकारी (अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)) को सतत् रूप से अवगत कराया जाये।

# कलेक्टर श्री कोचर ने अनुविभागीय अधिकारी ( राजस्व ) को अनुविभाग स्तरीय पर्यवेक्षक किया नियुक्त

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 12 दिसम्बर। भारत सरकार और राज्य सरकार की चिन्हित हितग्राहीमूलक योजनाओं में शत-प्रतिशत सैचुरेशन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए 11 दिसम्बर से 26 जनवरी 2025 तक %मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान% के सफल क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अधिकारियों को अनुविभाग स्तरीय पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किया है।

कलेक्टर श्री कोचर ने अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दमोह आर.एल. बागरी को अनुविभाग दमोह के संपूर्ण क्षेत्र, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) हटा राकेश सिंह मरकाम को अनुविभाग हटा के संपूर्ण क्षेत्र, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पथरिया निकेत चौरसिया को अनुविभाग पथरिया के संपूर्ण क्षेत्र, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) तेन्दूखेड़ा सौरभ गंधर्व को अनुविभाग तेन्दूखेड़ा के संपूर्ण क्षेत्र के लिये पर्यवेक्षक नियुक्त किया है।

इसी प्रकार संयुक्त कलेक्टर अविनाश रावत को जिले के संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र एवं डिप्टी कलेक्टर बृजेश कुमार सिंह को जिले के संपूर्ण नगरीय क्षेत्र के लिये पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किया है।

कलेक्टर श्री कोचर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के सुचारू क्रियान्वयन हेतु राज्य शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु जिले के समस्त ग्रामों/वार्डों में सर्वे एवं शिविरों के आयोजन निर्धारित समय सीमा में कराये जाने के लिए अनुविभाग स्तर पर सतत् निगरानी, पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण किया जाना सुनिश्चित किया जाये एवं सर्वे तथा शिविरों की अद्यतन स्थिति से जिला स्तरीय नोडल अधिकारी (मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत/अपर कलेक्टर) को सतत् रूप से अवगत कराया जाये।

# जिला जेल दमोह में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के पर्व पर श्रीमद् भागवद गीता पाठ कार्यक्रम का किया गया आयोजन

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 12 दिसम्बर। जिला जेल दमोह में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के पर्व पर गीता महोत्सव और श्रीमद् भागवद गीता पाठ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित विद्वानों द्वारा श्रीमद् भागवद् गीता का पाठ किया एंव कर्म योग, भक्ति योग, ज्ञान योग, कर्म वैराग्य योग, ध्यान योग, विज्ञान योग, अनासक्ति योग का संपूर्ण पाठ कर गीता के उपदेश दिए। इस दौरान कर्म योग को जीवन का सबसे बडा योग, भक्ति योग को इश्वर के प्रति सर्वश्रेष्ठ योग, ज्ञान योग को अमृत के समान, ध्यान योग को बुद्धिमत्ता का सूत्र बताया गया।



जेल अधीक्षक ने परिरूद्ध बंदियो को गीता के उपदेशो का भविष्य में पालन कर जीवन सुधार करने कहा। कार्यक्रम के अंत में ज्ञानामृत सोसायटी द्वारा जिला जेल दमोह में परिरूद्ध बंदियों को स्वेटर, गरम वस्त्र उपलब्ध कराये गये। अंत में बंदियों को फल एंव महिला बंदियो को बिन्दी वितरित की गई। बंदियों द्वारा गीता रचित भजन कीर्तन का गायन किया गया। जेल अधीक्षक द्वारा ब्राहम्णों को श्रीफल भेंट किया एंव आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान विद्वान पंडित शिवम दुबे, रामनाथ दुबे, रामस्वरूप शास्त्री, नाथूराम मिश्रा ज्ञानामृत एजूकेशन सोसायटी दमोह से मिथलेश मिश्रा, जितेन्द्र सिंह राजपूत, जेल अधीक्षक सहित अन्य जेल स्टाफ उपस्थित रहा।

# कलेक्टर श्री कोचर ने आयुक्त नगरीय प्रशासन को पत्र लिखकर मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना योजना चतुर्थ चरण के अंतर्गत सीमेंट कांक्रीट रोड निर्माण हेतु 6 करोड़ रूपये के भेजे प्रस्ताव

दमोह ~ 12 दिसम्बर। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने पत्र लिखकर आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को पीएमएवाय एएचपी योजना की निर्माणाधीन आवासीय परिसर में मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना योजना चतुर्थ चरण के अंतर्गत सीमेंट कांक्रीट रोड निर्माण हेतु 6 करोड़ रूपये के प्रस्ताव भेजे हैं। अपर आयुक्त सह मिशन संचालक पीएमएवाय नगरीय प्रशासन एवं विकास भोपाल द्वारा दमोह में आयोजित समीक्षा बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा प्रस्तुत उक्त प्रस्ताव अनुशंसा सहित नियमानुसार, पात्रतानुसार एवं विहित प्रकिया अनुसार आगामी आवश्यक कार्यवाही हेतु कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया है।

# कलेक्टर श्री कोचर ने समग्र सुरक्षा विस्तार अधिकारियों को खण्ड/निकाय स्तरीय मास्टर ट्रेन सह समन्वयक के रूप में किया नियुक्त

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 12 दिसम्बर। भारत सरकार और राज्य सरकार की चिन्हित हितग्राही मूलक योजनाओं में शत-प्रतिशत सैचुरेशन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए 11 दिसम्बर से 26 जनवरी 2025 तक %मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान% के सफल क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने समग्र सामाजिक सुरक्षा विस्तार अधिकारियों को खण्ड / निकाय स्तरीय मास्टर ट्रेनर सह समन्वयक के रूप में नियुक्त किया है। खण्ड/निकाय जनपद पंचायत दमोह के लिये मास्टर ट्रेनर सह समन्वयक के रूप में प्रतीक्षा सिंघई, नगर पालिका दमोह एवं नगर परिषद हिण्डोरिया के लिये नितिन पटेल, जनपद पंचायत पटेरा एवं नगर परिषद पटेरा के लिये सुनील सेन, जनपद पंचायत हटा के लिये वीरपाल चौधरी, नगर पालिका हटा के लिये यशस्विनी गजौरिया, जनपद पंचायत बटियागढ़ के लिये प्रभादेवी पटेल, जनपद पंचायत पथरिया एवं नगर परिषद पथरिया के लिये गोमती पटेल, जनपद पंचायत तेन्दूखेड़ा एवं नगर परिषद तेन्दूखेड़ा के लिये विक्रम सिंह लोधी एवं जनपद पंचायत जबेरा के लिये भरत नेमा को नियुक्त किया गया है। कलेक्टर श्री कोचर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा है कि मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के सुचारू क्रियान्वयन हेतु राज्य शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु जिले के समस्त ग्रामों/वाडों में सर्वे एवं शिविरों के आयोजन निर्धारित समय सीमा में कराये जाने के लिए खण्ड / निकाय स्तर पर शिविर प्रभारियों से सतत् संपर्क स्थापित कर सर्वे एवं शिविरों में प्राप्त हो रहे आवेदनों को सी.एम. हेल्पलाइन पोर्टल पर दर्ज / अद्यतन कराया जाना सुनिश्चित किया जाये साथ ही सर्वे तथा शिविरों की अद्यतन स्थिति से खण्ड / निकाय स्तरीय नोडल अधिकारी (मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत / मुख्य नगर पालिका अधिकारी) को सतत् रूप से अवगत कराया जाये।

# कलेक्टर श्री कोचर ने तहसीलदारों को क्षेत्र अनुसार पर्यवेक्षक के रूप किया नियुक्त

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 12 दिसम्बर। भारत सरकार और राज्य सरकार की चिन्हित हितग्राही मूलक योजनाओं में शत-प्रतिशत सेचुरेशन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए 11 दिसम्बर से 26 जनवरी 2025 तक मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने तहसीलदारों को क्षेत्र अनुसार पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किया है। कलेक्टर श्री कोचर ने तहसीलदार दमोह मोहित जैन को नगर पालिका दमोह एवं हिण्डोरिया के लिये, तहसीलदार दमयंती नगर रॉबिन जैन को संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र जनपद पंचायत दमोह के लिये, तहसीलदार पटेरा शैलेन्द्र बिहारी शर्मा को जनपद पंचायत पटेरा, नगर परिषद पटेरा के लिये, तहसीलदार हटा प्रवीण त्रिपाठी को जनपद पंचायत हटा, नगर पालिका हटा के लिये, तहसीलदार बटियागढ़ योगेन्द्र चौधरी को जनपद पंचायत बटियागढ़ के लिये, तहसीलदार पथरिया दीपा चतुर्वेदी को जनपद पंचायत पथरिया, नगर परिषद पथरिया के लिये, तहसीलदार तेन्दूखेड़ा विवेक व्यास को जनपद पंचायत तेन्दूखेड़ा, नगर परिषद तेन्दूखेड़ा के लिये एवं तहसीलदार जबेरा सोनम पाण्डेय को जनपद पंचायत जबेरा के लिये पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। कलेक्टर श्री कोचर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के सुचारू क्रियान्वयन हेतु राज्य शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु जिले के समस्त ग्रामों/वार्डों में सर्वे एवं शिविरों के आयोजन निर्धारित समय सीमा में कराये जाने के लिए क्षेत्र स्तर पर सतत् निगरानी, पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण किया जाना सुनिश्चित किया जाये एवं सर्वे तथा शिविरों की अद्यतन स्थिति से अनुविभाग स्तरीय नोडल अधिकारी (अनुविभागीय अधिकारी (रा.) को सतत् रूप से अवगत कराया जाये।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से नशा मुक्ति का संदेश

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह। दीपांजलि सोशल वेलफेयर सोसाइटी के बैनर तले संस्कृतिक कार्यक्रम भजन कीर्तन के माध्यम से नशा मुक्ति के लिए समाज को जागरुक करने का काम हो रहा है, दीपांजलि सोशल वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष त्रिलोक सिंह बताया कि आज का समाज नशे की लिप्त में जकड़ता जा रहा है, जिससे आर्थिक, शारीरिक एवं मानसिक रूप से नुस्कान दायक है, हम लोगों का प्रयास है कि समाज का प्रत्येक वर्ग कोई भी माध्यम हो चाहे जन जागरण जागरूकता रैली किया गायन, नारे लेखन इत्यादि के माध्यम से समाज को नशा मुक्त रखने की पहल की जा रही है एवं लोगों को समझाएं देकर भी नशा मुक्त रहने के लिए प्रेरित किया जाता है।



# डी एम और सी डी ओ ने किया निर्माणाधीन जलशोधन संयंत्र का निरीक्षण



आलोक तिवारी

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना जनपद की निर्माणाधीन सतही जल स्रोत आधारित पेयजल योजना के अन्तर्गत तहसील मांट के ग्राम बेरा में निर्माणाधीन जल शोधन संयंत्र का स्थलीय निरीक्षण किया गया। स्थलीय निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा जल शोधन संयंत्र के लेआउट के विषय में अवगत कराया गया, उक्त पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा आगामी बैठक में जल शोधन संयंत्र के विषय पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिए जाने के निर्देश दिए गए। कार्य स्थल पर जल शोधन संयंत्र के विभिन्न कंपोनेंट के फाउंडेशन सम्बन्धी कार्य प्रगति पर पाए गए।

जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह द्वारा मैनपावर को बढ़ाते हुए तीव्र गति से समस्त कंपोनेंट पर कार्य करने हेतु फर्म के प्रोजेक्ट डायरेक्टर को निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने उक्त के अतिरिक्त भविष्य में अनुरक्षण हेतु स्थानीय स्तर पर मैनपावर को प्रशिक्षण देते हुए रोजगार उपलब्ध कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने कार्यों में गुणवत्ता के विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल निगम में अधिकारी नियमित रूप से कार्यों का निरीक्षण करे, निरंतर प्रगति रिपोर्ट मुख्य विकास अधिकारी के माध्यम से उन्हें उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यों को ससमय पूर्ण किया जाए। निर्माणाधीन कार्यों में इस प्रकार की कार्य योजना बनाए जिससे आमजनमानस को परेशान न हो।

निरीक्षण में मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे ग्रामीण एवं जलापूर्ति विभाग राजेश कुमार, अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) दिनेश कुमार, प्रोजेक्ट डायरेक्टर एन0सी0सी0 एपको (जे0वी0) बी0बी0 मुखर्जी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# बालकृष्ण-बोयापति की फिल्म 'अखंडा 2-थांडवम' 25 सितंबर 2025 को होगी रिलीज




जयसिंह रघुवंशी

परिहार गर्जना न्यूज। मुंबई अगले साल तेलुगू सुपरस्टार बालकृष्ण की एक्शन फिल्म 'अखंडा 2-थांडवम' भी देश भर में रिलीज होगी। अभिनेता बालकृष्ण और निर्देशक बोयापति श्रीनु ने इसकी शूटिंग एक जबरदस्त एक्शन सीन के साथ शुरू कर दी है।

एक्शन फिल्म 'अखंडा 2' में पहली फिल्म के मुकाबले ज्यादा धमाकेदार एक्शन दर्शकों को देखने को मिलेगा। सुपरस्टार बालकृष्ण इसमें अपने एक्शन को एक स्तर और ऊपर लेकर जाएंगे। इसके लिए निर्देशक बोयापति श्रीनु हर संभव कोशिश करेंगे। फिल्म में एक्शन की जिम्मेदारी स्टंट मास्टर राम-लक्ष्मण संभाल रहे हैं। एक कमाल के फाइट सीक्वेंस के साथ फिल्म की शूटिंग शुरू की गई। फिल्म 'अखंड 2' की शूटिंग हैदराबाद के आरएफसी में हो रही है।

फिल्म 'अखंडा 2' को 14 रील्स प्लस बैनर तले राम अचंता और गोपीचंद अचंता निर्मित कर रहे हैं। साथ ही फिल्म को एम तेजस्विनी नंदमुरी भी प्रस्तुत कर रही हैं। इस फिल्म के साथ टैलेंटेड टेक्निशियन की टीम भी शामिल है, जिसमें म्यूजिक एस थमन, कोरियोग्राफी सी रामप्रसाद, आर्ट डायरेक्टर एएस प्रकाश जैसे नाम शामिल हैं। फिल्म को 25 सितंबर 2025 को दशहरा के खास मौके पर रिलीज किया जाएगा। दशहरे के दिन छुट्टी होगी तो फिल्म को इस बात का फायदा जरूर होगा। 'अखंडा 2' से पहले भी अभिनेता बालकृष्ण और निर्देशक बोयापति श्रीनु साथ में काम कर चुके हैं। दोनों ने साथ में मिलकर बेहतरीन और हिट फिल्में दी हैं। 'अखंड 2' साथ में इनकी चौथी फिल्म है। बोयापति ने हमेशा ही अपनी फिल्मों में बालकृष्ण को अलग ही अंदाज में पेश किया है, आने वाली फिल्म में भी वह ऐसा ही करेंगे। फिल्म 'अखंड 2' में बालकृष्ण के अलावा कई और नामी कलाकार भी शामिल हैं। अखंडा 2 पूरे भारत में रिलीज होने के लिए तैयार है, जो बालकृष्ण और बोयापति श्रीनु दोनों के लिए पैन इंडिया स्तर पर पहली फिल्म होगी।

# खंगार क्षत्रिय समाज के प्रतिनिधि मंडल ने विधायक से की मुलाकात

## गढ़कुंडार महोत्सव को लेकर की चर्चा, दिया आमंत्रण



राजा खरे

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। महाराजा खेत सिंह की जयंती पर निवाड़ी जिले की ऐतिहासिक नगरी एवं महाराजा खेत सिंह की कर्मस्थली ग्राम गढ़कुंडार में प्रतिवर्ष आयोजित होते आ रहे तीन दिवसीय गढ़कुंडार महोत्सव का आयोजन इस वर्ष भी दिनांक 27, 28 एवं 29 दिसंबर को पिछले वर्षों की भांति आयोजित किया जा रहा है जिसके लिए आज खंगार क्षत्रिय समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश खंगार के नेतृत्व में खंगार क्षत्रिय समाज के प्रतिनिधि मंडल ने विधायक अनिल जैन से उनके निवास पर पहुंचकर सौजन्य भेंट की तथा तीन दिवसीय गढ़कुंडार महोत्सव के आयोजन को लेकर चर्चा करते हुए महोत्सव के लिए आमंत्रण दिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए खंगार क्षत्रिय समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश खंगार ने बताया कि आज हम लोगों ने विधायक अनिल जैन के निवास पर जाकर उनसे मुलाकात की है तथा गढ़कुंडार महोत्सव की तैयारी को लेकर चर्चा की है इसके साथ-साथ श्री खंगार ने बताया कि कुछ दिन पहले हम लोग जिले के कलेक्टर से मिले थे और उनसे भी गढ़कुंडार महोत्सव को लेकर चर्चा की गई थी और फिर एक बार हमारा प्रतिनिधिमंडल कलेक्टर से मुलाकात करेगा और गढ़कुंडार महोत्सव के संबंध में आयोजित होने वाली बैठक के संबंध में चर्चा करेगा। श्री खंगार ने बताया कि मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति विभाग के द्वारा प्रतिवर्ष तीन दिवसीय गढ़कुंडार महोत्सव दिनांक 27, 28 एवं 29 दिसंबर को आयोजित किया जाता है और इस वर्ष भी यह महोत्सव भव्यता के साथ आयोजित किया जाएगा जिसके लिए खंगार क्षत्रिय समाज के द्वारा एवं जिला प्रशासन के द्वारा सभी तैयारियां की जा रही है।

# मुख्य बाजार से हटेगा अतिक्रमण नगर परिषद ने मुनादी कराकर दी दुकान के बाहर लगे टीन शेड हटाने की सूचना

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। जिला मुख्यालय के मुख्य बाजार को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा की गई कार्यवाही में पहले बाजार से गुमटियों को हटाया गया और अब बाजार में किए गए पक्के अतिक्रमण को हटाने की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है जिसके तहत आज नगर परिषद के द्वारा मुनादी कराकर बाजार में दुकानों के आगे लगे टीन शेड को हटाने तथा दुकान के बाहर रखे सामान को हटाने की सूचना दी गई। गौरतलब है की मुख्य बाजार में पक्का निर्माण कर नाले के ऊपर अतिक्रमण किया गया है जिससे बाजार में संक्रिड़ता है तथा वाहनों के निकलने में भी परेशानी हो रही है जिसकी शिकायत कई बार कलेक्टर से की गई जिसके बाद अब बाजार से पक्के अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई प्रारंभ की जा रही है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी अरविंद कुमार तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि टी एल की बैठक में कलेक्टर द्वारा बाजार से अतिक्रमण हटाने के लिए निर्देशित किया गया था जिसके परिपालन में आज बाजार में दुकानों के आगे लगे टीन शेड और दुकानों के बाहर रखे सामान को हटाने के लिए मुनादी कराई गई है। नगर परिषद द्वारा की गई मुनादी में बताया गया कि सभी दुकानदार जिनकी दुकानों के आगे टीन शेड लगे हैं वह अपने टीन शेड हटा लें तथा दुकान के बाहर रखे सामान को भी हटा ले अन्यथा नगर परिषद द्वारा टीन शेड हटाने और दुकान के बाहर रखे सामान को जप्त करने की कार्रवाई की जाएगी जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी दुकानदारों की होगी। नगर परिषद द्वारा आज की गई मुनादी से संपूर्ण बाजार में हड़कंप देखा गया है। ऐसी चर्चाएं हैं कि बाजार से गुमटियां उठाने की कार्यवाही के बाद गुमटी दुकानदारों द्वारा बार-बार कलेक्टर कार्यालय जाकर बाजार से पक्के अतिक्रमण को हटाने के लिए आवेदन दिए जा रहे हैं जिसके बाद अब बाजार से पक्के अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की जा सकती है। गुमटी उठने से बेरोजगार हुए गुमटी दुकानदारों ने भी बताया कि हम लोगों की अस्थाई गुमटियां जो बाजार में रखी थी उनको तो जिला प्रशासन द्वारा हटा दिया गया लेकिन बाजार में किए गए पक्के अतिक्रमण को नहीं हटाया गया। गुमटी दुकानदारों का कहना है कि बाजार से यदि गुमटियां उठाई गई है तो बाजार से पक्के अतिक्रमण को भी हटाया जाए।

# ग्राम पंचायत में अतिक्रमण हटाने के लिए चस्पा किए गए नोटिस



परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। जिला मुख्यालय के समीप स्थित ग्राम पंचायत असाटी में भी अतिक्रमण हटाने के लिए घरों के बाहर नोटिस चस्पा किए गए। जिला मुख्यालय पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जा रही है तो वहीं ग्राम पंचायत में भी अतिक्रमण हटाने के लिए घरों के बाहर नोटिस चस्पा किये जा रहे हैं ऐसे ही नोटिस आज जिला मुख्यालय के समीप स्थित ग्राम पंचायत असाटी में चस्पा किए गए। ग्राम पंचायत असाटी में घरों के बाहर चस्पा किए गए नोटिस में बताया गया कि आबादी खसरा नंबर 925 में ग्राम पंचायत द्वारा लखन लाल के मकान से जुम्मन खान एवं रविदास मंदिर की ओर सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिसमें उक्त रास्ते पर आपके द्वारा चबूतरा एवं शौचालय बनाकर अतिक्रमण किया गया है जिससे सीसी रोड बनाने में एवं वाहनों के आने-जाने में परेशानी हो रही है। घरों के बाहर चस्पा किए गए नोटिस में बताया गया कि दो दिवस में अतिक्रमण कर बनाए गए चबूतरा निर्माण एवं शौचालय को स्वयं हटा ले अन्यथा एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए ग्राम पंचायत द्वारा अतिक्रमण हटा दिया जाएगा।

# कोदों की रोटी खाने से एक ही परिवार के चार लोग फूड पॉइजिंग का शिकार, खाने का शौक हो सकता है महंगा



**विनोद कुमार जैन**

परिहार गर्जना न्यूज। बकस्वाहा। खाने के शौकीन कभी चावल की रोटी तो कभी कोदों की रोटी का सेवन करते हैं, लेकिन एक परिवार के लिए यह शौक जानलेवा साबित हुआ। बकस्वाहा नगर के वार्ड नंबर 9 में एक ही परिवार के चार लोग कोदों की रोटी खाने के बाद फूड पॉइजिंग का शिकार हो गए। सभी को गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बकस्वाहा लाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है।

जानकारी के अनुसार, यह घटना उस समय घटी जब परिवार के सदस्य छुं फूलबाई पटेल (उम्र 70), मदन पटेल (उम्र 45), दिनेश पटेल (उम्र 35) और राधारानी पटेल (उम्र 60) ने दोपहर एक बजे कोदों की रोटी खाई। इसके बाद, उन्हें उल्टियां, पेट दर्द और चक्कर आने की समस्या उत्पन्न हुई। गंभीर हालत में उन्हें तत्काल सीएचसी बकस्वाहा लाया गया।

सीएचसी के डॉक्टर रविराज ने बताया कि प्राथमिक उपचार के बाद सभी का स्वास्थ्य स्थिर हो गया है। फिलहाल, सभी खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं और उन्हें निगरानी में रखा गया है। डॉ रविराज ने बताया की यह घटना एक गंभीर चेतावनी है कि अगर भोजन में कोई समस्या हो या उसमें कोई विषाक्तता हो, तो वह तुरंत गंभीर परिणाम दे सकती है। खासकर, पुरानी या पारंपरिक रोटियों और खाद्य पदार्थों के सेवन में विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। डॉक्टरों का कहना है कि कोदों की रोटी खाने से पहले उसकी गुणवत्ता और ताजगी की जांच जरूर करनी चाहिए। उन्होंने कहा की कभी-कभी महंगा भी पड़ सकता है, इसलिए हर किसी को यह ध्यान रखना चाहिए कि उनका भोजन सुरक्षित और स्वस्थ हो, ताकि ऐसी घटनाएं न हों।

## दो मोबाइल डीजे जप्त, संचालक गिरफ्तार

नौगांव। थाना पुलिस ने गत रोज थाना क्षेत्र में 2 मोबाइल डीजे मशीनें जप्त कर, संचालकों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता और मध्य प्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध करने की कार्रवाई की है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश सिंह ने बताया कि पूर्व में मध्य प्रदेश शासन एवं पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार छतरपुर पुलिस द्वारा जिले के सभी थाना क्षेत्र अंतर्गत वैवाहिक कार्यक्रम स्थल मैरिज गार्डन सहित अन्य कार्यक्रम स्थलों के संचालकों एवं डीजे संचालकों के साथ मीटिंग कर निर्धारित मानक, समय एवं ध्वनि में ध्वनि उपकरणों का प्रयोग व नियमों का पालन करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए थे। बीती रात करीब 2 बजे नगर के ईशानगर रोड और आर्मी कैंट के पास महिंद्रा कंपनी की कमांडर कार में डीजे साउंड लगाकर तेज ध्वनि में बजाए जा रहे थे। सूचना प्राप्त होते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों महिंद्रा कमांडर कारों को जप्त कर दो आरोपियों को अभिरक्षा में लिया गया। आरोपी डीजे ऑपरेटर हेमंत पुत्र बाबूजी सोनकर निवासी ग्राम बिलहरी एवं डीजे ऑपरेटर अरुण प्रताप सिंह पुत्र राजवेंद्र सिंह निवासी पिपरी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता व मध्य प्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत पृथक-पृथक अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही की गई है।



## हिनौता पुलिस ने अवैध हथियार सहित युवक को किया गिरफ्तार

छतरपुर। अवैध हथियारों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत हिनौता थाना पुलिस ने गुरूवार की दोपहर रोड पेट्रोलिंग के दौरान ग्राम बघारी पहाड़ी के पास से एक युवक को अवैध हथियार के साथ दबोच लिया। हिनौता थाना प्रभारी उप निरीक्षक राजकुमार यादव ने बताया कि पुलिस को देखकर युवक ने भागने का प्रयास किया लेकिन उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। तलाशी लेने पर उसके पास 315 बोर का अवैध देशी कट्टा एवं कारतूस मिला। पकड़े गए युवक ने अपना नाम सियांशु पुत्र पंचा भुर्जी निवासी ग्राम बघारी बताया है। थाना प्रभारी ने बताया कि हाल ही में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अवैध हथियार का प्रदर्शन करते हुए उसकी फोटो भी वायरल हुई थी। आरोपी के विरुद्ध थाना हिनौता में आयुध अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

# खजुराहो फिल्म महोत्सव का हुआ समापन

**तुलसीदास सोनी**

परिहार गर्जना न्यूज। खजुराहो। खजुराहो में आयोजित 10वें अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का बुधवार को समापन हो गया। इस अवसर पर पधारे अतिथियों का संयोजक राजा बुंदेला द्वारा सम्मान किया गया। समापन समारोह में कृष्णा ज्वेलर्स खजुराहो की श्रीमती पत्नी अशोक सोनी के पुत्र यशराज सोनी जो एक आर्टिस्ट हैं ने अभिनेता राजा बुंदेला का चित्र बनाकर उन्हें भेंट किया जिससे वे काफी भावुक हो गये और उन्होंने यशराज की प्रशंसा करते हुये कहा कि यशराज अच्छे कलाकार हैं और वे भविष्य में बहुत बड़े कलाकार बनेंगे। उन्होंने यशराज सोनी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।



## खाद की मारामारी-आखिर टोकन देकर बांटा गया खाद, प्रशासन परेशान

परिहार गर्जना न्यूज। बड़ामलहरा। विधानसभा क्षेत्र बड़ा मलहरा में इन दिनों खाद की मारामारी मची हुई है किसान दर-दर भटक रहा है फिर भी उसको पर्याप्त खाद नहीं मिल रहा है दो-दो बोरी के लिए लाइन में लगकर टोकन लेता है फिर उसके बाद उसे खाद प्राप्त होता है एक किसान को 20 25 बोरी खाद की जरूरत होती है मगर उसे दो बोरी दिया जाता है आखिर किसान के साथ ऐसा क्यों किया जा रहा है जबकि किसान 25 वर्ष से आपकी सरकार बना रहा है फिर भी वह खाद बीज के लिए परेशान है आखिर क्यों यह प्रश्न खड़ा होता है। प्रशासन के आदेश अनुसार बड़ा मलहरा में खाद बीज गोदाम में जैसे ही खाद का रेक उतरा वैसे ही किसानों की भीड़ लगना प्रारंभ हो गई इसी बात को लेकर जिला कलेक्टर के निर्देशों पर गोदाम प्रभारी विशाल मिश्रा ने बड़ा मलहरा थाना परिसर से किसानों को टोकन बाटे हैं हालांकि थाना परिसर से टोकन बांटने पर किसी भी प्रकार की गड़बड़ी नहीं हो पा रही है सभी किसानों को टोकन मिल रहे हैं मगर उन्हें दो बोरी मात्र के टोकन मिलने से संतुष्ट नहीं है थाने से टोकन लेकर किसान गोदाम में जाता है खाद लेकर अपने घर जाता है खाद चाहे डीएपी हो या यूरिया सभी के लिए किसान परेशान है सरकार की इस चरमराती व्यवस्था को देखते हुए किसानों के एक बड़े दल ने सरकार की निंदा की है।



## बाजना थाने में सम्पन्न हुई शस्त्र लाइसेंसधारियों की बैठक

### शस्त्रों का दुरूपयोग न करने के दिये गये निर्देश

छतरपुर। बाजना थाना में गुरूवार को शस्त्र लाइसेंसधारियों की बैठक आयोजित कर पुलिस द्वारा सुरक्षा एवं सतर्कता संबंधी दिशा-निर्देश दिए गए। बाजना थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह सिकरवारने बताया कि थाना क्षेत्र के शस्त्र लाइसेंसधारियों को बताया कि वे अपना लाईसेंसी शस्त्र किसी भी अन्य व्यक्ति को न दें, लाईसेंसी शस्त्र का प्रदर्शन ना करें, लाईसेंसी शस्त्र आत्मरक्षा के लिए है इसलिए किसी समारोह में हर्ष फायर ना करें, लाईसेंसी शस्त्र हेतु कारतूस का अनावश्यक क्रय ना करें, क्रय किये हुए कारतूस को अन्य व्यक्ति को न दें। शस्त्र लाईसेंसधारियो को समझाईस दी गई कि शस्त्र के साथ फोटो या सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर शेयर ना करें, न ही किसी व्यक्ति को ऐसा करने हेतु शस्त्र दें। कारतूस क्रय करते समय ध्यान दें जिस गन हाउस सेंटर से जितने कारतूस क्रय किये है उतने ही रजिस्टर मे लिखे हो, ज्यादा ना लिखे हो, यह देखकर ही रजिस्टर में हस्ताक्षर करें।





## कार्यालय नगर परिषद खरगापुर जिला टीकमगढ़

क्र./लोक निर्माण/निविदा/2024-25/2286 खरगापुर दिनांक 11.12.2024

// निविदा आमंत्रण सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीय ई-रजिस्ट्रेशन प्रणाली से पंजीकृत समस्त ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर कं. जारी दिनांक | कार्य का नाम एवं स्थान | कार्य की समयाविध एवं लागत | निविदा प्रपत्र एवं अमानत राशि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_UAD_387725_1 12-12-2024 | बस स्टेण्ड खरगापुर में दुकानों का निर्माण कार्य | 1-06 माह 2-141.36 लाख | 1- 12500.00 2-71000.00 | 13-01-2025 |

नोट:- निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन www.mptenders.gov.in की बेवसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद खरगापुर
जिला टीकमगढ़



**संपादक मंडल**

अजय परिहार सह संपादक 6232531835, दीपक रैकवार, प्रकाश कठल जिला ब्यूरोचीफ, कानूनी सलाहकार अरविन्द निरंजन एडवोकेट, विक्रम सिंह प्रबंध संपादक 7898634648


मालिक, प्रकाशक, मुद्रक **रामबाबू सिंह परिहार** द्वारा फज्जू प्रिंटर्स शॉप नं.1 नगर पालिका कॉम्पलेक्स, सर्किट हाउस तिराहा, जवाहर रोड छतरपुर म.प्र.से मुद्रित कराकर कार्या.परिहार गर्जना सर्किट हाउस गेट जवाहर रोड छतरपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-**रामबाबू सिंह परिहार**/ मो.नं.9406730853, 9755204916, 07682-358321